हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरूवार 18 सितम्बर 2025
बलौदाबाजार | भाटापारा | खरोरा | कसडोल | पलारी-अमेरा | बिलाईगढ़




संत शिरोमणी सद्‌गुरू कबीर साहब जी
भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री
नरेन्द्र भाई मोदी
के 75वें जन्मदिन पर
एवं छ.ग. भाजपा के लोकप्रिय प्रदेश अध्यक्ष
एवं जगदलपुर के यशस्वी लोकप्रिय विधायक आदरणीय
श्री किरण सिंह देव
के 63वें जन्मदिन पर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं!
17 सितम्बर
संगीता मिश्रा
प्रदेश महामंत्री एवं प्रदेश प्रवक्ता
महेश वाधवानी
प्रदेश महामंत्री
दासजी साहू
अशोक यादव
मंडल अध्यक्ष तिल्दा नेवरा
आशादेवी उर्फ उमादेवी साहू
जिला अध्यक्ष रायपुर जिला
मुकेश बुरड
प्रदेश उपाध्यक्ष
राजेश्वरी शिवारे
जिला उपाध्यक्ष
डॉ. मधु दिनेश नायक
वार्ड अध्यक्ष वार्ड क्र. 4 तिल्दा
डॉ. दिनेश नायक
जिला महामंत्री
अनिता संतोष वर्मा
तहसील अध्यक्ष-सुहेला महिला प्रकोष्ठ
प्रवीण प्रचंडे
जिला प्रवक्ता
जुडावन साहू
तहसील महामंत्री
मेघनाथ देवांगन
वार्ड अध्यक्ष
किशोर साहू
प्रदेश मीडिया प्रभारी
सिद्धिनाथ देवांगन
प्रदेश उपाध्यक्ष छ.ग.
शिव वर्मा
प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पत्रकार देशबंधु
सौजन्य - छ.ग. के नंबर 01 अखबार हरिभूमि के संवाददाता - दासजी साहू, एवं पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष,
प्रदेश साहू संघ छ.ग., प्रदेश महासचिव छ.ग., प्रदेश प्रभारी छ.ग., म.प्र. व सह प्रभारी उत्तर प्रदेश
राष्ट्रीय उपभोक्ता संरक्षण फोरम, नरेन्द्र मोदी विचार मंच के ओर से हार्दिक बधाई एवं अशेष शुभकामनाएं!
-: हरिभूमि अखबार में समाचार एवं विज्ञापन के लिये तत्काल संपर्क करें :-
मोबा. 9575360847, 8982420033, 8349075867, 8085162607, 7999128647,
मेल आईडी : narendramodivicharmanch0123@gmail.com

हरिभूमि
# मध्यांचल भूमि
रायपुर, गुरुवार 18 सितंबर 2025

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 24.0 डिग्री

14 वीर अभिमन्यु की गाथा से होगा भाटापारा रामलीला ...

14 ज्ञानोदय विद्यालय में भगवान विश्वकर्मा ...




## खबर संक्षेप

### रिसदा में नल-जल योजना अधर में, लाखों की टंकी बनी शोपीस



**रिसदा।** जिला मुख्यालय से महज 4 किमी दूर ग्राम पंचायत रिसदा में तीन वर्ष पहले नल-जल योजना के तहत पानी टंकी व पाइपलाइन विस्तार का कार्य शुरू हुआ था, किंतु ठेकेदारों की लापरवाही से काम आज तक अधूरा पड़ा है। नतीजतन ग्रामीणों को योजना का लाभ नहीं मिल रहा। हर गर्मी में पंचायत को टैंकरों से जल आपूर्ति करानी पड़ती है, जिस पर 5 से 8 लाख रुपये का व्यय होता है। यह राशि बचाकर अन्य विकास कार्य किए जा सकते हैं। गांव में सीसी सड़कों को तोड़कर पाइप डाले गए लेकिन केवल 12 वार्डों तक ही लाइन पहुंच पाई। 50% से अधिक घरों में आज भी नल कनेक्शन नहीं है। ग्रामीणों का कहना है कि टंकी जिस जगह बनाई गई वहां पर्याप्त जल स्रोत ही नहीं है, जिसके कारण परियोजना अधूरी रह गई। इस वर्ष कलेक्टर के निर्देश पर ग्राम रिसदा स्थित सीमेंट संयंत्र ने टैंकरों से पानी उपलब्ध कराया, जिससे राहत मिली। ग्रामीणों का आरोप है कि विभागीय कार्यालय व कलेक्टर कार्यालय पास होने के बावजूद योजना की सही मॉनिटरिंग नहीं हो रही। कलेक्टर दीपक सोनी ने कहा, "आप जानकारी भेजिए, मैं दिखवाता हूं।" ग्रामीणों ने शीघ्र कार्य पूर्ण कर नल-जल योजना का लाभ दिलाने की मांग की।

### राज मिस्त्रियों ने धूमधाम के साथ मनाई विश्वकर्मा जयंती



**सिमगा ।** नगर में देव शिल्पी भगवान विश्वकर्मा जयंती के उपलक्ष्य में राज मिस्त्रियों ने नये बस स्टैण्ड, विघुत कार्यालय, एवं बेमेतरा मार्ग में भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति का विधि-विधान के साथ पूजा अर्चना कर स्थापित किया। दिन भर चले पूजा पाठ के बाद प्रसाद वितरण देर शाम तक जारी रहा। वहीं राजमिस्त्रीगण भगवान विश्वकर्मा की भजन कीर्तन करते देर रात नजर आए ।

### रोजगार मेला का आयोजन आज, 1458 पदों पर होगी भर्ती

**बलौदाबाजार ।** कलेक्टर दीपक सोनी के निर्देश पर जिले के शिक्षित युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार का अवसर प्रदान करने के उद्देश्य से जिला स्तरीय रोजगार मेला का आयोजन 18 सितम्बर 2025 को स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय, बलौदाबाजार में सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे तक किया जायेगा। रोजगार मेला में अप्रेन्टिस सहित कुल 1458 पदों पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी मनोरमा भगत द्वारा प्राप्त जानकारी के अनुसार निजी क्षेत्र के 28 नियोजकों द्वारा अपनी -अपनी संस्थानों के विभिन्न पदों जैसे आईटी सेक्टर, हॉस्पिटल, बीमा, फॉयर सेफ्टी, सिक्योरिटी सेक्टर, फुड्स प्रोसेसिंग, इंडस्ट्रीज सेक्टर, सेल्स, ड्राइवर, कम्प्यूटर आपरेटर, मुंशी, मैनेजर, सुपरवाइजर, एकाउंटेंट, मिल ऑपरेटर लेवर एवं अन्य पद पर कार्य करने हेतु 1236 पद एवं अप्रेंटिसशिप के लिये 3 नियोजको द्वारा 222 पदों पर भर्ती की जायेगी। शैक्षणिक योग्यता 5 वीं से उच्च शिक्षा, आईटीआई, बीई, डिप्लोमा उत्तीर्ण युवाओं के लिये एक ही मंच पर मौका दिया जायेगा। वेतन 7 हजार से लेकर 35 हजार रूपए तक देय होगा।

## जिला जेल का निरीक्षण कर बंदियों की सुविधाओं का लिया जायजा

**बोर्ड ऑफ विजिटर्स और विधिक सेवा प्राधिकरण ने की समीक्षा**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

माननीय उच्चतम न्यायालय के निर्देशानुसार जिला जेल बलौदाबाजार का निरीक्षण बोर्ड ऑफ विजिटर्स एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्यों द्वारा किया गया। निरीक्षण का नेतृत्व प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अध्यक्ष अब्दुल जाहिद कुरैशी ने किया। इस अवसर पर सचिव अमिता जायसवाल, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट गिरीश पाल सिंह, अपर कलेक्टर अबंध राम टंडन, पुलिस प्रशासन की प्रतिनिधि निधि नाग, सीएमएचओ डॉ. राजेश अवस्थी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य जेल में जातिगत भेदभाव, बंदियों की

### बंदियों को मिलती है नियमित चिकित्सा और विधिक सहायता

बंदियों को नियमित चिकित्सा सुविधा और विधिक सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। जेल में लीगल एड क्लिनिक स्थापित है, जहां पैनल अधिवक्ता और पैरालीगल वालंटियर नियमित रूप से बंदियों से मिलकर उनके मामलों की जानकारी देते हैं। बंदियों की सुनवाई तिथि पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थिति सुनिश्चित की जाती है।



### आयोजित किए जाते हैं विधिक साक्षरता शिविर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा समय-समय पर जेल में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किए जाते हैं। हर बुधवार को जेल समीक्षा की जाती है, जिसमें बंदियों को प्ली बार्गेनिंग और अन्य कानूनी प्रक्रियाओं की जानकारी दी जाती है। प्राधिकरण के प्रयासों से यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी बंदी अधिवक्ता के बिना न रहे।



चिकित्सा व्यवस्था, भोजन की गुणवत्ता, विधिक सहायता तथा अभिलेखों की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान जेल में जातिगत भेदभाव की कोई शिकायत नहीं पाई गई। अधिकारियों ने सभी बैरकों का भ्रमण कर बंदियों से चर्चा की और भोजन की गुणवत्ता का स्वयं परीक्षण किया।

**सौगात :** मंत्री टंकराम वर्मा ने किया शिलान्यास, नगर को नई सौगातों से संवारने का संकल्प

## 257 लाख के विकास कार्यों का भूमिपूजन 41 लाख के नमो गार्डन की मिली सौगात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

नगर पालिका कार्यालय परिसर में मंगलवार को नगर के बहुआयामी विकास को समर्पित एक भव्य समारोह का आयोजन हुआ, जिसमें कुल 257.17 लाख रुपये की लागत से होने वाले 14 निर्माण कार्यों का भूमिपूजन और शिलालेख अनावरण किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री टंकराम वर्मा ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच दीप प्रज्वलित किया।

■ नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन की मांग पर मिली नमो गार्डन की मंजूरी

कार्यक्रम में जानकारी दी गई कि विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना (मध्य वर्ष 2024-25) के तहत 14 कार्यों के लिए 161.53 लाख रुपये, अधोसंरचना मद से 3 कार्यों के लिए 43.29 लाख, 15वें वित्त आयोग मद से 10 कार्यों के लिए 102.36 लाख, और डीएमएफ मद से एक कार्य हेतु 49.99 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है।



इसके अतिरिक्त नगरपालिका अध्यक्ष अशोक जैन की विशेष मांग पर मंत्री वर्मा ने 41 लाख रुपये की लागत से "नमो गार्डन" के निर्माण की घोषणा कर नगरवासियों को एक और सौगात दी। अध्यक्ष अशोक जैन ने कहा कि इन कार्यों से सड़क, जल निकासी, शिक्षा और सार्वजनिक सुविधाओं में उल्लेखनीय सुधार होगा। उन्होंने यह भी बताया कि आने वाले समय में नगर के प्रत्येक वार्ड को सुविधा सम्पन्न बनाना



प्राथमिकता है। समारोह में प्रधानमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों को पूर्णता प्रमाण पत्र भी वितरित किए गए। कार्यक्रम



की अध्यक्षता अशोक जैन ने की। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष आनंद यादव, पूर्व विधायक लक्ष्मी बघेल, प्रदेश प्रवक्ता प्रमोद शर्मा, नगरपालिका उपाध्यक्ष जितेंद्र महाले, सभी पार्षदगण, अधिकारी-कर्मचारी और नगरवासी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

नमो गार्डन-स्वच्छता और सौंदर्य का नया केंद्र नगर में प्रस्तावित नमो गार्डन को हरियाली, योगा ज़ोन, वॉकिंग ट्रैक और बच्चों के खेल उपकरणों से सुसज्जित किया जाएगा। इसका उद्देश्य स्वच्छ भारत मिशन को आगे बढ़ाना और नगरवासियों को एक सुंदर, स्वस्थ वातावरण प्रदान करना है। गार्डन की देखरेख नगरपालिका व स्थानीय समितियों द्वारा की जाएगी।

## पांच लाख की उठाईगिरी का खुलासा, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा



शहर में दिनदहाड़े हुई 5 लाख की उठाईगिरी की घटना का पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा कर दिया है। घटना को अंजाम देने वाले तीनों आरोपी शांति नगर संत कंवर राम वार्ड के रहने वाले हैं और रेलवे स्टेशन में चना-फल्ली बेचने का काम करते हैं। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 3,19,500 नकद राशि भी बरामद कर ली है।

■ ट्रेन में चना-फल्ली बेचने वाले आरोपी निकले शातिर चोर

जानकारी के अनुसार, प्रार्थी सचिन सचदेव ने 16 सितंबर को शहर थाना भाटापारा में रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसने बैंक ऑफ बड़ौदा से 9.95 लाख निकालकर तीन बंडलों में लैपटॉप बैग में रखा था। जब वह गुरुनानक होटल अंडरब्रिज के पास अपनी गाड़ी रोककर मोबाइल पर बात कर रहा था, तभी किसी अज्ञात व्यक्ति ने उसके कंधे पर लटक रहे बैग से 5 लाख का एक बंडल चोरी कर लिया। पुलिस ने तुरंत मामला दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज में तीन संदिग्ध युवक घटना स्थल के आसपास घूमते नजर आए। जांच में सामने आया कि ये युवक ट्रेन में चना-फल्ली बेचते हैं। आरोपियों की पहचान प्रेमलाल निषाद (32 वर्ष), अंकित निषाद (23 वर्ष), विशाल दास मानिकपुरी (26 वर्ष) के रूप में हुई। पूछताछ में तीनों ने चोरी करना कबूल किया। पुलिस ने 3.19 लाख नकद जब्त कर तीनों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया शुरू की है। अपराधियों ने पीड़ित को बैंक से पैसे निकालते देखा और उसका पीछा किया। जैसे ही वह अंडरब्रिज के पास रुका और मोबाइल पर बात करने लगा, उसकी लापरवाही का फायदा उठाकर बैग से बंडल पार कर दिया गया। चोरी इतनी सफाई से की गई कि पीड़ित को घर पहुंचने तक पता नहीं चला। घटना के बाद पुलिस ने बिना समय गंवाए घटनास्थल का निरीक्षण, प्रत्यक्षदर्शियों से पूछताछ और सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया। संदिग्धों की पहचान कर उन्हें हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिससे पूरा मामला उजागर हुआ। बरामद की गई रकम ने पुलिस की कार्यशैली पर जनता का विश्वास और मजबूत किया।

## जिले में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा 2025 का हुआ शुभारंभ

**बलौदाबाजार ।** स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का बुधवार 17 सितम्बर को जिले में विविध आयोजन के साथ शुभारम्भ हुआ। कलेक्टर दीपक सोनी ने कलेक्टोरेट परिसर में आयोजित श्रमदान एवं स्वच्छता शपथ कार्यक्रम में अधिकारी एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। कलेक्टर सोनी ने कहा कि 17 सितम्बर को हर वर्ष स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा का आयोजन किया जाता है। इस वर्ष 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2025 तक यह अभियान स्वच्छोत्सव थीम पर आयोजित किया जा रहा है। इस दौरान सभी कार्यालयों में साफ-सफाई अभियान चलाएं। पुराने फाईलों, अनुपयोगी सामग्री आदि का नष्टीकरण करें। इसी तरह यदि 15 वर्ष पुराने शासकीय वाहन है उसे स्क्रैप करने की कार्यवाही करें। अभियान के तहत 15 दिन तक सभी विभाग स्वच्छता पर कार्यक्रम आयोजित करें। बताया गया कि स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्रों में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा विभिन्न



कार्यक्रम आयोजित किये जायेंगे। इसमें कार्यालयों की सफाई, सफाई मित्र सुरक्षा शिविर, स्वच्छता ही सेवा रैली, नुक्कड़ नाटक, प्लास्टिक मुक्त ग्राम अभियान, सामुदायिक जीरो वेस्ट इवेंट, स्वच्छता चौपाल, एक दिन एक घण्टा एक साथ, स्वच्छता साईकिल रैली शामिल है। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत दिव्या अग्रवाल, अपर कलेक्टर निशा नेताम मंडावी सहित बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

### ग्राम पंचायतों में आदि सेवा केंद्र का शुभारंभ

बलौदाबाजार । आदि सेवा कर्मयोगी अभियान के तहत 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर 2025 तक जिले में आदि सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है। इसके अंतर्गत बुधवार को जिले के जनजातीय बाहुल्य 46 ग्राम पंचायतों में आदि सेवा केंद्र का शुभारम्भ किया गया। विकासखंड कसडोल के ग्राम पंचायत मुढ़ीपार में आदि सेवा केंद्र शुभारम्भ अवसर पर जनपद सदस्य पांचो बाई चौहान, सरपंच, उपसरपंच, पंच, ग्राम प्रमुख, समाज प्रमुख, सक्रिय महिला उपस्थित थे। बताया गया कि आदि सेवा पखवाड़ा के दौरान सेवा केंद्रों में समस्याओ का निदान, शिकायत निवारण एवं सेवा प्रदाय किया जाएगा। सभी छात्रावासों, आश्रमो में सफाई अभियान, वृक्षारोपण, छात्र पालक सम्मेलन, चित्रकला, खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा।



## प्रधानमंत्री के जन्मदिन पर कुथरौद में दिया गया स्वच्छता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस के अवसर पर ग्राम पंचायत कुथरौद में बुधवार को स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस विशेष आयोजन का नेतृत्व जिला पंचायत सभापति डॉ. मोहन लाल वर्मा ने किया। ग्रामीणों ने मिलकर साफ-सफाई करते हुए न केवल जन स्वास्थ्य को लेकर जागरूकता फैलाई, बल्कि स्वच्छ भारत मिशन को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम पंचायत परिसर से हुई, जहाँ ग्रामीणों और जनप्रतिनिधियों ने एकजुट होकर सफाई अभियान में भाग लिया। डॉ. वर्मा ने उपस्थित ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वच्छता केवल एक कार्यक्रम नहीं, यह एक जीवनशैली बननी चाहिए।" उन्होंने ग्रामीणों से अपील की कि अपने गांव को स्वच्छ, सुंदर और रोगमुक्त रखने के लिए हर कोई जिम्मेदारी निभाए। अभियान में ग्राम की महिलाओं की उल्लेखनीय



भागीदारी रही। वंदना, रामबती पटेल, कमला वैष्णव, भागमती ध्रुव, आशा पटेल, कुंती पटेल, जानकी पटेल और उषा वैष्णव ने हाथ में झाड़ू थामकर गांव की गलियों और चौक-चौराहों की सफाई की। महिलाओं ने उदाहरण पेश किया कि स्वच्छता अभियान में सभी की भागीदारी जरूरी है। कुथरौद में हुए स्वच्छता अभियान ने यह साबित कर दिया कि जब गांव के जनप्रतिनिधि, महिलाएं और आमजन मिलकर किसी कार्य में लगते हैं, तो बदलाव संभव है। यह कार्यक्रम केवल सफाई तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह सामाजिक एकता, सहभागिता और जागरूकता का प्रतीक बन गया।

**पूरे प्रदेश में आंदोलन की दी चेतावनी**

## सोनाखान रेंजर को हटाने की मांग पर वनकर्मियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

वनमण्डल बलौदाबाजार के समस्त वनकर्मियों ने सोनाखान रेंजर सुनीत साहू को हटाने की मांग को लेकर मंगलवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी। सुबह से ही वन कर्मचारी संघ के बैनर तले बड़ी संख्या में वनकर्मी एकत्र हुए। प्रांताध्यक्ष अजीत दुबे, संभागध्यक्ष आहफ़ ज खान और जिलाध्यक्ष मनबोधन टंडन के नेतृत्व में आमसभा आयोजित की गई। सभा में रेंजर पर कर्मचारियों से अभद्र व्यवहार और गाली-गलौज करने का आरोप लगाते हुए तीखी नाराजगी व्यक्त की गई। सभा के बाद सैकड़ों की संख्या में वनकर्मियों ने रैली निकालकर वनमण्डल कार्यालय का घेराव किया और जमकर नारेबाजी



की। प्रांताध्यक्ष अजीत दुबे ने कहा कि कर्मचारियों का अपमान किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जब तक रेंजर को हटाकर उन्हें रिलीव नहीं किया जाता, हड़ताल जारी रहेगी। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि मांग जल्द पूरी नहीं हुई तो आंदोलन को पूरे प्रदेश में फैलाया जाएगा।

### पूरे वनमण्डल के कर्मचारी हैं आक्रोशित: खान

संभागध्यक्ष आहफ़ज खान ने कहा कि यह केवल एक व्यक्ति का मुद्दा नहीं है बल्कि वनकर्मियों के स्वाभिमान का प्रश्न है। जिलाध्यक्ष मनबोधन टंडन ने बताया कि पूरे वनमण्डल के कर्मचारी आक्रोशित हैं और एकजुट होकर आंदोलन में डटे रहेंगे। गौरतलब है कि सोनाखान रेंजर का स्थानांतरण आदेश पहले ही जारी हो चुका है, लेकिन अब तक उन्हें रिलीव नहीं किया गया है, जिससे कर्मचारियों में असंतोष चरम पर है। वनकर्मियों ने प्रशासन से शीघ्र कार्रवाई कर रेंजर को हटाने की मांग की है ताकि कार्य सामान्य रूप से पुनः शुरू हो सके।

## अंचल के गांवों में विश्वकर्मा भगवान की मूर्ति स्थापना की, आज होगा भव्य विसर्जन



**भाटापारा।** ग्राम धुर्राबांधा में मुख्य सड़क मार्ग पर विश्वकर्मा भगवान कि मूर्ति का स्थापना किया गया है जिसमें विश्वकर्मा परिवार के द्वारा प्रति वर्ष कि भांति इस वर्ष भी विश्वकर्मा कि मूर्ति का स्थापना पूजा अर्चना कर गुरुवार को गांव के प्रमुख तलाब में विसर्जन किया जाएगा। ग्राम कोसमदा के बस स्टेटेड में विश्वकर्मा भगवान कि मूर्ति का स्थापना किया है जिसे गुरुवार को विसर्जन गांव के तलाब में किया जाएगा जिसमें सरपंच नारायण यदु मुकेश वर्मा आजू राम यादव खुमान वर्मा उमेन्द्र वर्मा पप्पू यादव द्वारा व ग्राम वासी योके सहयोग से विश्वकर्मा का मूर्ति का स्थापना किया गया है। ग्राम मोपका में विश्वकर्मा भगवान कि मूर्ति का स्थापना किया गया है नवयुवा विश्वकर्मा समिति बजार चौक मोपका के द्वारा विगत 12 वर्ष से भगवान विश्वकर्मा कि मूर्ति स्थापना करते राज मित्री यो के द्वारा किया गया है जिसे शाम को गडवा बाजा के धुन में नाचते गाडे पूरे गांव में भ्रमण के बाद गांव के देवराहा तलाब में विसर्जन किया गया जिसमें राम गोपाल निषाद शिव ध्रुव मंगलू चक्रधारी वेद प्रकाश साहू जनपद सदस्य भीश्वराम निषाद कामता साहू पंच तिहारु निषाद मोहित साहू उमेराम वर्मा ग्राम वासी शामिल थे। ग्राम खपरी में विश्वकर्मा भगवान कि मूर्ति की स्थापना की गई है जिसे गुरुवार को शिवनाथ नदी में विसर्जन किया जाएगा जिसे गांव के बजरंगबली चौक में विराजमान किया गया है।

सिटीप्लेक्स सिनेमा-भाटापारा
15 सितम्बर 2025 SHOW TIME
बागी - 4
शो समय - 6:00 PM
मिराई सुपर योद्धा
शो समय - 12:00,3:00,6:00,9:00 PM
खारून पार (CG)
शो समय - 12:00,3:00 PM
नोट : फेसबुक और इंस्टाग्राम में टाईम टेबल देखा जा सकता है।
bookmyshow पर टिकिट बुकिंग सुविधा उपलब्ध
मो. 93001-27666

# वीर अभिमन्यु की गाथा से होगा भाटापारा रामलीला का शुभारंभ

## 22 सितंबर से आरंभ होगी 106वीं वर्ष की लीला, पहली शाम होगा वीर अभिमन्यु नाटक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

अलग खबर

छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक नगरी भाटापारा में आदर्श रामलीला नाटक मंडली इस वर्ष अपनी 106वीं वर्षगांठ मनाने जा रही है। 1920 से निरंतर रामलीला मंचन करने वाली यह मंडली इस बार नवरात्र के प्रथम दिवस 22 सितंबर से 11 दिवसीय आयोजन की शुरुआत कर रही है। परंपरा और नवाचार के समन्वय से सजी इस रामलीला में इस बार विशेष आकर्षण के रूप में वीर अभिमन्यु नाटक की प्रस्तुति होगी।

रामलीला के इस मंचन में मंडली की पांचवीं पीढ़ी के कलाकार विभिन्न पात्रों में अपनी जीवंत अदायगी से दर्शकों को मंत्रमुग्ध करेंगे। विशेषकर वीर अभिमन्यु, द्रोणाचार्य, श्रीकृष्ण, अर्जुन और दुर्योधन के संवादों में भरपूर दम होगा। लगभग 25 वर्षों बाद 'वीर अभिमन्यु' नाटक का मंचन किया जा रहा है, जिसमें चक्रव्यूह भेदन और अभिमन्यु की वीरगति का दृश्य दर्शकों को भावुक कर देगा। इस वर्ष रामलीला के मंचन में आधुनिक तकनीकों का व्यापक उपयोग किया गया है। वाटरप्रूफ पंडाल, एलईडी बैकग्राउंड, कॉलर माइक, फायर-फॉग इफेक्ट्स, ग्राफिक्स और पारंपरिक वेशभूषा के साथ मंच पूरी तरह तैयार है। मंचन से पूर्व सभी दृश्यों का रिहर्सल भी पूर्ण कर लिया गया है। वहीं, व्यास प्रमुखों द्वारा प्रतिदिन भजन प्रस्तुत किए जाएंगे।

### नवरात्र की प्रथम संध्या पर अभिमन्यु की अमर कथा

22 सितंबर की शाम रामलीला की शुरुआत मुकुट एवं गणेश पूजन के साथ होगी, जिसके बाद अभिमन्यु की वीरता से सजी नाट्य प्रस्तुति मंचित की जाएगी। इसमें गीता के महत्व, युद्ध कौशल और धर्म की रक्षा हेतु प्राणोत्सर्ग जैसे दृश्यों को भावपूर्ण तरीके से दर्शाया जाएगा।



### लाइव प्रसारण से जुड़ेंगे देश-विदेश के दर्शक

रामलीला का प्रत्येक दिन सोशल मीडिया और यूट्यूब चैनल पर लाइव प्रसारित किया जाएगा। 3 अक्टूबर तक चलने वाली इस 11 दिवसीय लीला को दर्शक मोबाइल और स्मार्ट टीवी के माध्यम से देश-विदेश से भी देख सकेंगे। भाटापारा की रामलीला अब अयोध्या, वृंदावन और काशी की लीलाओं के समकक्ष मानी जा रही है।

## खबर संक्षेप

### नरेंद्र मोदी विचार मंच तिल्दा मंडल में हुआ शिक्षक सम्मान समारोह



चिचोली । तिल्दा मंडल में 11 सितंबर को नरेंद्र मोदी विचार मंच द्वारा शिक्षक सम्मान एवं अन्य रचनात्मक कार्यक्रमों का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव ने गरिमामय ढंग से किया। इस अवसर पर मंच के छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश प्रभारी दास जी साहू मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में तीनों प्रदेशों के पदाधिकारीगण शामिल हुए और मंडल अध्यक्ष अशोक कुमार यादव के नेतृत्व एवं आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम की सफलता में प्रदेश से लेकर बूथ स्तर तक के सभी कार्यकर्ताओं का विशेष सहयोग रहा। मंडल अध्यक्ष ने सभी अतिथियों और वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उनके सहयोग से ही यह कार्यक्रम सुव्यवस्थित रूप से सम्पन्न हो सका।

### अर्जुनी में धूमधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती



अर्जुनी । बलौदाबाजार विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत अर्जुनी में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की जयंती धूमधाम से मनाया गया। जगह-जगह प्रतिष्ठान में पूजा अर्चना किया गया। नगर के आजाद चौक में विश्वकर्मा की प्रतिमा को विराजित किया गया जिसे 18 सितंबर दिन गुरुवार विसर्जित किया जाएगा। शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा की विधिवत पूजा अर्चना करने में राजमिस्त्री लगे रहे।

## जयंती : शिक्षकों और छात्रों ने की पूजा-अर्चना, मशीनों व औजारों का किया पूजन

# ज्ञानोदय विद्यालय में भगवान विश्वकर्मा की जयंती पर की गई पूजा अर्चना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी रावन

ज्ञानोदय शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, हिरमी में रविवार को भगवान विश्वकर्मा की जयंती श्रद्धा, समर्पण और विधि-विधान के साथ मनाई गई। पूरे विद्यालय परिसर में सुबह से ही भक्ति और उत्साह का माहौल रहा। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा की पूजा की गई। विद्यालय परिवार ने न केवल शिक्षकों और विद्यार्थियों के साथ बल्कि पूरे ग्राम अंचल के श्रमवीरों के लिए भी शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य पी.आर. वर्मा ने पूजा-अर्चना का नेतृत्व किया और भगवान विश्वकर्मा की जीवन कथा व उनके योगदान पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि विश्वकर्मा को सृष्टि के प्रथम शिल्पकार और इंजीनियर के रूप में पूजा जाता है। वहीं शिक्षिका शैल वर्मा ने कहा कि यह पर्व कर्मशीलता और तकनीकी दक्षता का प्रतीक है, जिससे विद्यार्थियों को प्रेरणा लेनी चाहिए। विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिकाएं और छात्र-छात्राएं कार्यक्रम में मौजूद रहे। मशीनों, औजारों, कक्षा उपकरणों और वाहन आदि का विधिवत पूजन किया गया। साथ ही, छात्रों को बताया गया कि भगवान विश्वकर्मा का पूजन केवल धार्मिक आस्था नहीं, बल्कि कार्य के प्रति समर्पण और तकनीकी गुणवत्ता का सम्मान भी है।

- वास्तुकला व निर्माण क्षेत्र के देवता को अर्पित की गई श्रद्धांजलि



### विश्वकर्मा पूजन का तकनीकी महत्व

विश्वकर्मा पूजा विशेष रूप से उन लोगों द्वारा मनाई जाती है जो निर्माण, तकनीकी, यांत्रिकी और डिजाइन से जुड़े होते हैं। इस दिन फैक्ट्रियों, वर्कशॉप्स, शैक्षणिक संस्थानों और औद्योगिक इकाइयों में मशीनों, औजारों और वाहनों का पूजन कर कार्य में समृद्धि की कामना की जाती है। यह पर्व श्रम और कौशल को सम्मान देने का प्रतीक है।

### शामिल रहे प्रमुख लोग

कार्यक्रम में प्राचार्य पी.आर. वर्मा, शिक्षिका शैल वर्मा, दिलेश्वर मढ़रिया, जागेश्वरी वर्मा, सीमा वर्मा, अगेश्वरी, संध्या, दुर्गा, गिरजा, योगिता, नोविता, अजय, हरीश, पंकज, नीरज, धर्मेंद्र, देवकुमार, लोकनाथ, ललित सहित विद्यालय के समस्त स्टाफ और विद्यार्थी मौजूद रहे। सभी ने मिलकर आयोजन को सफल बनाया।

### विश्वकर्मा जयंती पर मजदूरो में दिखा उत्साह



हरिभूमि न्यूज खरोरा । शिल्प के देवता भगवान विश्वकर्मा जयंती पर्व बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस बार मजदूरो में भी उत्साह देखने को मिल रहा है। नवयुवक विश्वकर्मा उसत्व समिति तिल्दा रोड खरोरा में भगवान विश्वकर्मा की स्थापना कर विधि विधान से पूजा अर्चना किया गया । इस अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया था बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।नव युवक विश्वकर्मा उसत्व समिति के सभी सदस्य उपस्थित है ।

## विश्वकर्मा जयंती पर अंचल में श्रद्धा भक्ति और उल्लास का संगम



हिरमी रावन । अंचल के हिरमी, मोहरा, भालेसुर और मुसवाडीह सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में बुधवार को भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े ही श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाई गई। ग्रामीणों ने परंपरागत रीति-रिवाज से पूजा-अर्चना कर भगवान विश्वकर्मा से सुख-समृद्धि और कार्य क्षेत्र में उन्नति की कामना की। ग्राम हिरमी में सुबह से ही ग्रामीणों ने पूजा स्थल को रंग-बिरंगी झालरों, फूलों और पत्तों से सजाया। विधिवत पूजा-पाठ कर भगवान विश्वकर्मा की प्रतिमा के समक्ष भजन-कीर्तन और आरती की गई। श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों एवं कार्यस्थलों पर भी भगवान विश्वकर्मा की आराधना कर उपकरणों व औजारों का पूजन किया। मोहरा और भालेसूर गांवों में भी उत्सव का खासा उत्साह देखने को मिला। इस दौरान पूजा-पाठ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोगों की भारी भागीदारी रही। वहीं मुसवाडीह में भी सुबह से ही श्रद्धालु बड़ी संख्या में जुटे और दिनभर पूजा-अर्चना का दौर चलता रहा।पूजा पंडालों में ग्रामीणों के साथ-साथ बच्चे और बुजुर्ग भी शामिल हुए।

### एकता और परंपरा का पर्वः ग्रामीण

*श्रद्धालुओं ने बताया कि भगवान विश्वकर्मा को सृष्टि का शिल्पकार और उद्योग-धंधों का अधिष्ठाता माना जाता है, इसलिए इस दिन मशीन, उपकरण और औजारों की विशेष पूजा की जाती है। पूरे अंचल में विश्वकर्मा पूजा के चलते उत्सव जैसा माहौल बना रहा। लोग दिनभर एक-दूसरे को शुभकामनाएं देते रहे और शाम तक भजन-कीर्तन का आयोजन होता रहा। ग्रामीणों ने सामूहिक उत्सव को आपसी भाईचारे और एकता का प्रतीक बताया।*

### धूमधाम से मनी विश्वकर्मा जयंती



भवानीपुर। क्षेत्र में भगवान विश्वकर्मा जयंती बड़े धूमधाम से मनाया गया । सर्वप्रथम भगवान विश्वकर्मा की मूर्ति स्थापना कर पंडितों द्वारा विधि विधान पूर्वक पूजा अर्चना किया गया, जिसमें समस्त राजमिस्त्री व अन्य लोग एकत्रित होकर मिल चौक खपरी भ में भगवान विश्वकर्मा जी की मूर्ति स्थापित की गई जिसमें सभी लोग पूजा अर्चना कर अपने परिवार एवं गांव के लोगों की खुशहाली की कामना किया।

## निधन

### जुड़ावन सिंग ध्रुव



भाटापारा। ग्राम सेम्हराडिह के जुड़ावन सिंग ध्रुव का निधन हो गया है वे पूर्व जनपद सदस्य मोती लाल मडावी के पिता थे। इसके निधन पर ग्राम के सरपंच लक्ष्मण ध्रुव व चमरु यादव राम यादव ने शोक वक्त किया है।

## शपथ पत्र

**ऋचा तिवारी पति श्री आशीष तिवारी जाति ब्राम्हण उम्र 35 वर्ष साकिन मुण्डा तह. लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग...... शपथकर्ती**

मै शपथकर्ती निम्नकथन सत्यनिष्ठा पूर्वक करती हूँः-

01. यह कि शपथकर्ती ऋचा तिवारी पति श्री आशीष तिवारी जाति ब्राम्हण के नाम पर एकल खाता ग्राम बलौदाबाजार प.ह.नं. 15 रा.नि.मं. बलौदाबाजार तहसील बलौदाबाजार जिला बलौदाबाजार-भाटापारा छ.ग. में ऋण पुस्तिका कमांक 3448230 में खसरा क्रमशः 5/146 एवं 5/147 कुल खसरा नं. 02 रकबा 0.018 हे. भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज हैं।
02. यह कि शपथकर्ती के द्वारा क्रय की गई भूमि दस्तावेज जिसका विक्रेता सुधीर अग्रवाल से क्रय कर पंजीयन क्रमांक CG45120 16022022004 दिनांक 16/02/2022 को पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर क्रय भूमि को मैं नामांतरण कराकर राजस्व अभिलेख में दर्ज करा चुकी हूँ जिसका नामांतरण पश्चात नवीन खसरा नं. 5/146 एवं 5/147 है। जिसका किसान किताब भी मुझे विभाग से प्राप्त हुई थी। मुझे लग रहा है किं बलौदाबाजार से ग्राम मुण्डा से वापसी के समय उक्त दस्तावेज गुम हो गया है जो आज से लगभग डेढ माह पूर्व कही गुम हो गयी है। जिसे सम्भावित स्थान पर खोजबीन करने के पश्चात भी नहीं मिली। जिससे मुझे मकान निर्माण कार्य के लिए असुविधा हों रही है।
03. यह कि शपथकर्ती के नाम शासन द्वारा जारी ऋण पुस्तिका एवं पंजीकृत विक्रय बैनामा कॉपी किसी व्यक्ति, संस्था या समूह द्वारा बंधक नहीं बनाया गया है और ना ही मेरे द्वारा किसी भी तथ्य को छिपाया गया है। भविष्य में यदि मेरे द्वारा दी गई जानकारी गलत पाई जाती है। उसकी सम्पूर्ण जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।
04. यह कि उक्त शपथ पत्र ऋण पुस्तिका एवं पंजीकृत विक्रय बैनामा कॉपी गुम हो जाने एवं द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका बनवाने के संबंध में प्रस्तुत किया जा रहा है।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं ऋचा तिवारी पति श्री आशीष तिवारी जाति ब्राम्हण उम्र 35 वर्ष साकिन मुण्डा तह. लवन जिला बलौदाबाजार भाटापारा छ.ग. सत्यापित करती हूँ कि शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 04 तक दी गई जानकारी सही एवं सत्य है। जिसे आज दिनांक 29/08/2025 को पढ़कर समझकर हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

**सत्यापनकर्ती**

# मोदी के जन्मदिन पर सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ, मरीजों को बांटे फल



हरिभूमि ▶▶| न्यूज सुहेला

विश्व के सबसे लोकप्रिय नेता एवं देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर भाजपा मंडल सुहेला द्वारा सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सुहेला अस्पताल में मरीजों को फल वितरण कर की गई। इस अवसर पर भाजपा पदाधिकारियों ने मरीजों के साथ बैठकर प्रधानमंत्री मोदी का देश के नाम संदेश सुना। अस्पताल परिसर में /"एक पेड़ माँ के नाम/" अभियान के तहत वृक्षारोपण भी किया गया। सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत बासीन, पड़कीडीह, अमेरी और भटभेरा में स्वच्छता अभियान चलाया गया। मंडल अध्यक्ष हेमंत बघमार ने कहा कि सेवा पखवाड़ा के दौरान प्रत्येक बूथ पर स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य शिविर और खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। यह कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर गांधी जयंती तक चलेगा।

**ये रहे उपस्थित**-कार्यक्रम में मंडल महामंत्री युगल किशोर वर्मा, विधायक प्रतिनिधि करण वर्मा, रामकुमार साहू, सुमित वर्मा, दीपक वर्मा, खोमलाल साहू, देवा धृतलहरे, डॉ. धनीराम साहू, सेवा राम वर्मा, श्रीराम वर्मा, घनश्याम वर्मा, अजय वर्मा, देव नारायण वर्मा, सुहेला अस्पताल प्रभारी डॉ. मनोहर लाल ध्रुव सहित अस्पताल स्टाफ एवं भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# सामाजिक भवन की दिशा में रजक समाज की बड़ी पहल



मुंडा । समाज लवन राज के पदाधिकारियो ने सहायक आयुक्त से सौजन्य मुलाकात किया गया। मुलाकात के दौरान सहायक आयुक्त को समाज के पदाधिकारियो ने सामाजिक भवन के लिए जमीन संबंधित कागजात को अग्रिम कार्यवाही के लिए सौंपा गया। विदित हो कि रजक समाज के द्वारा कार्यक्रम आयोजित किया गया था। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा थे। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल भी प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मुख्य अतिथि टंकराम वर्मा के द्वारा समाज जनों की मांग पर सामाजिक भवन के लिए 10 लाख देने की घोषणा की गई थी। जिसके परिपेक्ष में विगत दिनों पूर्व विधानसभा अध्यक्ष गौरीशंकर अग्रवाल और मंत्री टंकराम वर्मा से लवन राज के पदाधिकारियो ने मुलाकात कर राशि स्वीकृत करने मांग की थी। सामाजिक भवन की मांग पर कलेक्टर कार्यालय बलौदाबाजार सहायक आयुक्त सूरज दास मानिकपुरी के द्वारा जमीन संबंधित कागजात मांगे गए थे जिसके परिपालन में लवन राज अध्यक्ष पन्नालाल रजक, प्रदेश मीडिया प्रभारी एवं आईटी सेल प्रदेश अध्यक्ष कमलेश रजक, महिला प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीला देवी रजक, संगठन मंत्री हरिराम रजक एवं पुनाराम रजक के द्वारा सहायक आयुक्त सूरज दास मानिकपुरी को जमीन से संबंधित सभी कागजात को अग्रिम कार्रवाई के लिए दिया गया।

- सहायक आयुक्त को सौंपे गए जमीन संबंधित दस्तावेज
- मंत्री टंकराम वर्मा की घोषणा को मूर्त रूप देने जुटे समाजजन

# आंगनबाड़ी केंद्र में मना राष्ट्रीय पोषण माह



गिधौरी । पोषण अभियान अंतर्गत नगर पंचायत टुण्डरा के आंगनबाड़ी केंद्र 03 में राष्ट्रीय पोषण माह अभियान 2025 का आयोजन किया गया । यह कार्यक्रम भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिन के अवसर पर स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अंतर्गत यह कार्यक्रम का आयोजन किया गया । आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका बंजारे ने बताया यह आयोजन महिला एवं बाल विकास के निर्देश पर राज्य द्वारा पोषण माह अभियान 2025 को निम्न गतिविधियों के आधार पर आयोजित किया गया है ।

इस दौरान आम लोगों को मोटापा के समाधान के लिए चीनी और तेल की खपत किस प्रकार से करना चाहिए, प्रारंभिक बाल्यावस्था में बच्चों के देखभाल शिक्षा एवं पोषण और पढ़ाई पर ध्यान किस प्रकार से देना चाहिए, एक पेड़ मां के नाम लगाने के लिए आम लोगों को प्रोत्साहित करना, शिशु एवं छोटे बच्चों के आहार सहित अन्य गतिविधियों के आधार पर कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान 3 से 6 वर्ष के बच्चों के बीच फल सब्जी आदि से संबंधित चित्रकला, खिलौना निर्माण, परिवारों को पोषण संबंधित जागरूक करना, पोषण संबंधित चित्रकला, उद्योगों को प्रोत्साहित करना 0 से 3 वर्ष के बच्चों के प्रारंभिक विकास पर माता-पिता पर केंद्रित गतिविधियों की जानकारी और जंक फूड पर आधारित जागरूकता अभियान की जानकारी दी गई। इस दौरान मुख्य रूप आंगनबाड़ी कार्यकर्ता प्रियंका बंजारे, सहायिका चंद्रिका यादव, तुलसी चौहान, प्रमिला बारले, उर्मिला बारले, कल्पना, मंझली, ऊषा पटेल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## आंगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा का शुभारंभ



लवन । बाल विकास परियोजना लवन अंतर्गत ग्राम पंचायत ग़दहीडीह में संचालित आगनबाड़ी केंद्र में पोषण पखवाड़ा की शुभारंभ की गई। जिसमें ग्राम पंचायत सरपंच ओमप्रकाश बांधे, उपसरपंच तोताराम चेलक, पंच लीलाबाई चेलक, सेक्टर सुपरवाइजर मलका खान, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता साधना चेलक, सहोद्रा रात्रे, सहायिका मीनीबाई चेलक, सुनीता कोशले सहित ग्रामीण उपस्थित रहे। पोषण पखवाड़ा अंतर्गत सेविकाओं ने हरी साग-सब्जी व मोटे अन्न से विभिन्न प्रकार के व्यंजन बनाकर स्टाल सजाया और उपस्थित हुई गर्भवती महिलाओं, धात्री महिलाओं, किशोरियों व बच्चों को पोषण संबंधी जानकारी देकर जन-सामान्य में पोषण के प्रति जागरूकता बढ़ाने व कुपोषण की समस्या से निजात निकालने का प्रयास किया। महिला पर्यवेक्षिका मलका खान व कार्यकर्ता साधना चेलक ने पोषण युक्त भोजन, एनीमिया, समय पर टीकाकरण, बच्चों को साबुन से हाथ धुलाकर खाना खाने की जरूरत व आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को स्कूल पूर्व शिक्षा के लिये बच्चों को केंद्र में भेजने की बात कही।

## रासेयो से छात्रों में निखरेगा व्यक्तित्व, जागेगी सामाजिक चेतना



खरोरा । विद्यार्थियों में बहुमुखी प्रतिभा होती है। राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से उनको सामाजिक, राष्ट्रीय दायित्वों का बोध कराकर उनके व्यक्तित्व का विकास करना है। युवा असीम ऊर्जा के स्वामी होते हैं। उनकी ऊर्जा को सही दिशा एवं रचनात्मक कार्य में लगाकर स्थानीय समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें तैयार करना, राष्ट्रीयता, सामूहिकता का विकास करना राष्ट्रीय सेवा योजना का लक्ष्य है। उक्त बातें रासेयो के वार्षिक उन्मुखीकरण कार्यक्रम में प्रभारी प्राचार्य श्री आर के साहू ने कही। कार्यक्रम अधिकारी डॉ वाल्मीकि साहू ने कहा कि रासेयो इकाई प्रदेश के सभी महाविद्यालयों में संचालित है। युवा समाज और देश की रीढ़ होते हैं। शिक्षा के माध्यम से उनके व्यक्तित्व को तराशकर सामाजिक समस्याओं के समाधान हेतु उन्हें भागीदार बनाना है। राष्ट्रीय सेवा योजना के आदर्श पुरुष, प्रतीक चिह्न, ध्येय वाक्य, लक्ष्य, प्रमाण पत्र आदि के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।










विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130